Fourteenth Loksabha

Session : 4
Date : 23-03-2005

Participants : Prasad Shri Hari Kewal

Title: Need to construct a road overbridge at the southern end of Salempur railway station, U.P.

श्री हरिकेवल प्रसाद (सलेमपुर) : माननीय उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपकी आज्ञा से नियम 377 के अधीन सूचना दे रहा हूं कि मेरे संसदीय क्षेत्र के सलेमपुर रेलवे स्टेशन के दक्षिण में एक ओवरब्रिज बनाना अति आवश्यक है। आजकल इस जगह पर ओवरब्रिज के अभाव में कई किलोमीटर तक जाम लगा रहता है, जिसके कारण लोगों को बहुत असुविधा हो रही है और समय भी बर्बाद हो रहा है। शादियों के समय तो इस स्थान पर असहनीय जाम रहता है। इस मार्ग से यातायात बलिया एवं बिहार जाता है एवं यही मार्ग भटनी-सलेमपुर होकर वाराणसी के मुख्य मार्ग से जोड़ता है। आज इस समपार से लाख से ज्यादा वाहन आते-जाते हैं। इस मार्ग को सहभागिता के आधार पर बनाना है।

सदन के माध्यम से मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि लोगों की असुविधा एवं बढ़ते हुए यातायात के जाम को दूर करने के लिए सलेमपुर रेलवे स्टेशन के दक्षिण में स्थित समपार पर एक रोड ओवरब्रिज तत्काल बनाने की कार्रवाई की जाए।

उपाध्यक्ष महोदय : डॉ. धीरेन्द्र अग्रवाल। - उपस्थित नहीं